हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–182 : जौनपुर, शुक्रवार 22 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

सपा सरकार में हिंदुओं पर गोलियां चलाई जाती थीं और आतंकियों के मुकदमे वापस लिए जाते थे–योगी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार में गांव, गरीब, महिलाओं व नौजवानों के विकास के कार्य हो रहे हैं। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर आतंकवाद के ताबूत में अंतिम कील ठोंक दी गई है। यह सब भाजपा सरकार में हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में हिंदुओं पर गोलियां चलाई जाती थीं। आतंकवादियों के ऊपर लगे मुकदमे हटाए जाते थे। उनकी आरती उतारी जाती थी पर अब उनका सफाया किया जा रहा है। यह भाजपा व दूसरी सरकारों में फर्क है। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को लखनऊ में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि अब कानून व्यवस्था प्रदेश की पहचान है। पहले प्रदेश की पहचान दंगों से होती थी। गरीबों की जमीनें छीन ली जाती थीं पर अब माफियाओं को पता है कि अगर किसी गरीब की जमीन छीनी तो सरकार का बुल्डोजर उनकी छाती

पर चढ़ जाएगा। भाजपा की सरकार होने से किसी की हिम्मत नहीं है कि वो दंगा करवा सके।

पुरुष डांसर की सर्जरी करा महिला बनवाया : पहले पत्नी की तरह रखा फिर रुपए–गहने लेकर हुआ फरार

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमार : गोला बाजार निवासी एक डांसर की मुलाकात जून 2020 में उरुवा बाजार के भरवलिया निवासी मो. मुमताज से हुई। मुमताज ढोलक बजाता था। मुमताज ने उससे कहा कि यहां डीजे पर डांस करने में 100 से 200 रुपये ही मिल रहे हैं। दिल्ली में 500 से 1000 रुपये मिलते हैं। तुम मेरे साथ दिल्ली चलो। वह उसके बहकावे में आकर नवम्बर 2020 में दिल्ली चला गया। वहां मुमताज ने उसे कुछ खिला दिया जिससे तबीयत खराब हो गई। उसने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। होश में आने पर पता चला कि उसकी सर्जरी हो गई है और वह महिला बन गया है। उरुवा के रहने वाले मो. मुमताज ने गोला के डांसर युवक की दिल्ली में धोखे से सर्जरी करा महिला बनवा दिया। डांसर ने विरोध किया तो मुमताज ने कहा कि अब कुछ नहीं हो सकता। दिल्ली में कुछ दिन रहने के बाद मुमताज उसे लेकर फिर गोरखपुर आ गया। यहां खुद ढोलक बाजता था और उससे डांस कराता था। जो भी पैसा मिलता था मुमताज अपने पास ही रख लेता था। गांव पहुंचा तो पता चला कि ढोलकिया के पत्नी और बच्चे हैं। डांसर के मुताबिक मुमताज कहता था कि वह अविवाहित है। हमदोनों पति–पत्नी की तरह रहकर रुपये कमाते रहेंगे। डांसर का आरोप है कि 3 अक्टूबर को मुमताज उसे अपने गांव भरवलिया ले गया। वहां पता चला कि मुमताज शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। इस पर वह सन्न रह गया। उसने थाने में शिकायत की बात की तो मुमताज ने उसे जान से मारने की धमकी दी। दस लाख नगद, चार लाख के गहने लेकर हुआ फरार। डांसर का आरोप है कि उस रात वह उसके घर पर ही सो गया। सुबह पता चला कि उसके बैग में रखा दस लाख रुपये तथा सोने और चांदी के जेवरात जिसकी कीमत चार लाख रुपये है व अन्य सामान लेकर मुमताज पत्नी और बच्चों के साथ भाग गया है। तब उसने पुलिस में शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर केस दर्ज किया गया है। इन धाराओं में हुआ है केस। 320,326,328,506, 406, 379, एससीएसटी नृशंसता निवारण अधिनियम 3 (1)(द),3 (1)(ध),3 (2)(वी), मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 की धारा 18 के तहत केस दर्ज किया गया है।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

साहब पति 31 जुलाई से लापता, बताइए कैसे हुआ बैनामा

गोरखपुर संवाददाता आशुतोष चौधरी : मंद बुद्धि के भाई को गायब कर हिस्से की संपत्ति पाटीदारों ने करा ली बैनामा,पत्नी अपने मासूम 14 वर्षीय बच्चे के साथ एसडीएम के समक्ष लगाया फरियाद। खजनी कचहरी में एक युवती अपने 14 वर्षीय बच्चे के साथ एसडीएम पवन कुमार से फरियाद करने पहुंची थी,वह रो रो कह रही थी साहब मेरा मंदबुद्धि का पति 31 जुलाई से लापता है उसकी खोज में मैं थाने का चक्कर लगा लगा रही हूं लेकिन कैसे मेरा पति आपके कचहरी में आकर अपने हिस्से की संपूर्ण जमीन अपने भाइयों के नाम से बैनामा कर दिया,मैं अपने इस मासूम बच्चे के साथ कहां जाऊं आप ही बता दीजिए मेरे पास अब कुछ नहीं बचा, मेरा तो अब मर जाना ही बेहतर है। खजनी तहसील क्षेत्र मौजा हरिहरपुर टोला माधीपार निवासिनी विभा तिवारी ने बताया मेरे पति श्रवण तिवारी मंद बुद्धि के हैं वह 31 जुलाई से लापता है जिसकी सूचना थाना बासगाव,चौकी हरनही व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दे दिया हु,मुझे मेरे जेठ अजय तिवारी प्रताड़ित कर रहे है उन्होंने ही मेरे पति को गायब किया है, जिसका परिणाम 17 सितंबर को रजिस्ट्री से किया जा सकता है,इस समय जेठ ने मुझे घर से बाहर निकाल दिया है,घर के बाहर पशु वाले स्थान पर पन्नी डालकर जीवन व्यतीत कर रही हु, विभा तिवारी अपने बच्चे के साथ एसडीएम से फरियाद लगाने खजनी तहसील पहुंची थी तो उसे पता चला 17 सितंबर को उसके पति श्रवण तिवारी कचहरी में आकर अपने भाइयों को पूरी संपत्ति का बैनामा कर दिया,इस संबंध में विभा तिवारी एसडीएम के समक्ष फरियाद करने पहुंची थी, एसडीएम पवन कुमार ने बताया महिला ने बैनामे की जमीन पर आपत्ति लगा दी है और मामले की जांच की जा रही है।

साहिब श्री गुरू रामदास जी महाराज का मनाया गया 487वाँ प्रकाश उत्सव

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिखों के चौथे गुरु साहिब श्री गुरू रामदास जी महाराज का 487वाँ प्रकाश उत्सव दिनांक 22.10.2021 को श्री गुरू सिंह सभा, ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाका हिन्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह ने बताया कि प्रातः 5.00 बजे सुखमनी साहिब के पाठ से दीवान आरम्भ हुआ जिसमें हजूरी रागी भाई राजिन्दर सिंह जी ने आसा की वार का अमृतमयी कीर्तन एवं शबद ''राम दास सरोवर नाते, सब उतरे पाप कमाते।।'' गायन किया। रागी भाई हरतीरथ सिंह जी दिल्ली वालों ने अपनी मधुरवाणी मे शबद '' सा धरती भइी हरियावली जिथै मेरा सतिगुरु बैठा आइि।।'' "धनुं धनुं रामदास गुरु जिन सिरिआ तिनै सवारिआ।।" शबद कीर्तन गायन कर समूह संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने साहिब श्री गुरू रामदास जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर व्याख्यान करते हुए कहा कि आप का जन्म 1534 को चूना मण्डी लाहौर (पाकिस्तान) में हुआ था। आपके पिता का नाम श्री हरदास जी और माता जी का नाम दया कौर जी था। छोटी उम्र मे आप के माता–पिता का निधन हो गया तो आपकी नानी जी आपको लेकर ''बासरके'' में आ गयी। यहाँ आकर आपने घुँघनियां (उबला हुआ चना) बेचना शुरु कर दिया। श्री गुरु अमरदास

जी के दर्शन कर तन–मन से उनकी सेवा और गुरु की बाणी पढ़ते और सिमरन करते रहे। गुरु अमरदास जी ने आपको ''गुरु का चक्क'' बसाने का कार्य सौंपा। बाबा बुड्ढा जी को साथ लेकर पहले सरोवर की खुदाई की और नींव रखी। दुख भंजन बेरी के पास एक सरोवर बनवाया जिसमें सच्चे मन से स्नान करने पर दुःख और रोग दूर हो जाते हैं। जो आज एक महान तीर्थस्थल (श्री अमृतसर) हरिमन्दिर साहिब के नाम से प्रसिद्ध है। जहाँ देश विदेश से श्रधालु आकर दर्शन करते हैं और सच्चे मन से पवित्र सरोवर में स्नान करके दुःख एवं कष्टों से मुक्ति पाते हैं। दीवान की समाप्ति के उपरान्त लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिह बग्गा जी ने नगरवासियों को साहिब श्री गुरू रामदास जी के प्रकाश उत्सव की बधाई दी और तत्पश्चात् समूह संगत में गुरु का लंगर और मिष्ठान वितरित किया गया।

शिक्षकों की लंबित समस्यायों के निराकरण तक जारी रहेगा आंदोलन– अमित सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु सात सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में जनपदीय एंव ब्लाक पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय मांगों से सम्बंधित ज्ञापन केराकत विधायक दिनेश चौधरी को सौंपते हुए उनसे शिक्षकों की लंबित मांगों को माननीय मुख्यमंत्री के सामने उठाने और उनसे इसपर सहानुभूति पूर्वक समस्याओं के निस्तारण की माँग करते हुए विधिवत चर्चा की। जिला अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) ने पूरे प्रदेश में विगत चार अक्टूबर को पूरे प्रदेश में परिषदीय शिक्षकों की वर्षों लंबित प्रमुख सात सूत्रीय मांगों के संदर्भ में जिला प्रशासन के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा था। लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों की मांगों के प्रति गम्भीरता पूर्वक विचार न करने कारण संगठन आंदोलन के लिए बाध्य हुआ हैं। जिसके क्रम में आज आज से आंदोलन का द्वितीय चरण पूरे प्रदेश में प्रारंभ हो रहा है जिसके तहत माननीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को शिक्षकों की सात सूत्रीय मांगों के निस्तारण के संदर्भ ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री/जिलाध्यक्ष ने शिक्षकों वर्षों से लंबित प्रमुख मांगों पुरानी पेंशन बहाली, एक दिसंबर 2008 के बाद पदोन्नत प्राथमिक के प्रधानाध्यापक एवं जूनियर के सहायक हो 17140 एवं जूनियर के प्रधानाध्यापक को 18150 न्यूनतम वेतनमान दिया जाना, शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना, मृतक आश्रित परिवार वालों को योग्यता के अनुसार नियुक्ति, शिक्षा मित्र एवं अनुदेशक साथियों को शिक्षक पद

पर समायोजन, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण एवं जिले के अंदर स्थानांतरण प्रक्रिया को जल्दी प्रारंभ किया जाना, वेतन विसंगतियों को दूर किए जाने आदि पर विधायक से विस्तृत चर्चा की जिसपर विधायक दिनेश चौधरी ने आश्वस्त किया कि आपकी वाजिब मांगों के संदर्भ में माननीय मुख्यमंत्री को पत्रक भेजने के साथ ही उसपर माननीय मुख्यमंत्री जी से सहानुभूति पूर्वक विचार करने का निवेदन भी करूंगा। जिलामंत्री सतीश पाठक ने बताया कि आज से प्रारंभ हो रहे द्वितीय आंदोलन के तहत 27 अक्टूबर तक जनपद के समस्त जनपदीय एंव ब्लाक पदाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन देंगे। इस अवसर पर जनपदीय संगठन मंत्री अश्वनी कुमार सिंह संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, संगठन मंत्री संतोष सिंह, बक्सा अध्यक्ष सरोज सिंह, मड़ियाहूं अध्यक्ष विशाल सिंह, मंत्री प्रदीप सूर्या, शशांक शेखर मिश्रा, मनोज सिंह, अजीत सेठ, मनोज सिंह, इंदू प्रकाश, अरुणेंद्र प्रताप सिंह, भूपेश आदि शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय उसवा का उपजिलाधिकारी खजनी द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमारःउपजिलाधिकारी खजनी पवन कुमार औचक निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व माध्यमिक विद्यालय उसवा बाबू ,अनुचर रविशंकर त्रिपाठी मिले नादारद हल्का लेखपाल गोपाल जी को पूर्व माध्यमिक

विद्यालय के को जमीन पैमाइश करने का दिए निर्देश। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने बन रहे कस्तूरबा विद्यालय के उपयोग मे लगाए जा रहे ईट का लिए सैंपल,कस्तूरबा विद्यालय में लगाएं जा रहें है ईट को लेकर दिखी काफी नाराजगी वही पूर्व माध्यमिक विद्यालय की इं. प्रधानाध्यापिका रीता आर्या ,हल्का लेखपाल गोपालजी प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ,वेद व्यास शुक्ला, सुरेश सिंह, पानी टंकी के टेकेदार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दो मंजिला इमारत गिरनें से आधा दर्जन लोग घायल : 5 लोगों की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़ी मस्जिद के पीछे मोहल्ला रोजा अर्जन में गुरुवार की देर रात उस समय अफरा तफरी मच गई जब मोहल्ले में जर्जर दो मंजिला कच्चा मकान अचानक भरभरा कर धराशाई हो गया। इस दौरान आधा दर्जन लोग मलबे में दब गए। जिला प्रशासन को घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन राहत कार्य में जुट गया। लगभग 3 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन द्वारा मृतकों को बाहर निकाला जा सका वह घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम थी पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है ।रात लगभग 12 बजे परिवार के कुछ सदस्य सो रहे थे वहीं कुछ लोग बैठकर बातें कर रहे थे कि इसी दौरान पूरा मकान भरभरा कर गिर गया। जिसमें चांदनी (18), शन्नो (55), गयासुद्दीन (17), मोहम्मद असाउददीन (19), हेरा(10) व स्नेहा (12), संजीदा (37), मोहम्मद कैफ (8), मिस्बाह (18) व पड़ोस के अजीमुल्लाह (68)दब गए ।मौके पर पहुचे स्थानीय लोगों व जिला प्रशासन ने दबे लोगों को निकाल कर घायलावस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने संजीदा पुत्री जमालुद्दीन, अजीमुल्ला पुत्र कतवारू, मोहम्मद कैफ पुत्र जमालुद्दीन, मोहम्मद सेफ पुत्र जमालुद्दीन व मिस्वाह पुत्री जमालुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी होते ही जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व पुलिस अधीक्षक

अजय कुमार साहनी मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य कराते हुए सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी ने बताया कि इस घटना में कुल 5 लोगों की मौत हुई है। लगभग आधा दर्जन लोग इसमें घायल हैं जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है ।घटना मकान जर्जर होने के कारण हुई है। हालांकि, इसके बाद भी मलबे में तलाश की जा रही है। घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। अस्पताल में चिकित्सकों को भी अलर्ट कर दिया गया है। वही इस मामले में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जौनपुर में हुई दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री जी ने इस हादसे में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने तथा प्रभावित लोगों को हर संभव मदद और राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

दीवानी न्यायालय परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय कुमार के नेतृत्व में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीते दिनों प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में अधिवक्ताओं की हुई हत्या को लेकर उच्च न्यायालय गंभीर है। ऐसे में उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक व जिला जज को पत्र भेजकर पूरे न्यायालय में आने जाने वाले अधिकारियों वादकारियों व अधिवक्ताओं की सघन चेकिंग कराए जाने का निर्देश जारी किया है।इसी क्रम में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय के नेतृत्व में पुलिस पीएससी अन्य अधिकारियों द्वारा दीवानी न्यायालय के विभिन्न गेटो पर खड़े होकर न्यायालय परिसर में आने जाने वाले प्रत्येक वादकारी अधिवक्ता, अधिकारी कर्मचारियों की सघन चेकिंग की गई । साथ ही शासन से प्राप्त सख्त निर्देश के अनुसार असला को भी न्यायालय परिसर में ले जाना प्रतिबंधित है इसकी भी चेकिंग की गई है। इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार ने बताया कि हाई कोर्ट द्वारा जारी निर्देश के क्रम में आज जिला जज व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष से वार्ता कर पूरे न्यायालय परिसर में आने जाने वाले अधिकारियों अधिवक्ताओं

अधिकारियों कर्मचारियों की चेकिंग की गई है जिससे न्यायालय परिसर में कहीं कोई अपनी घटना ना घटे साथ ही जगह–जगह लगे सीसीटीवी कैमरे को भी चेक किया गया है मुख्य गेट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं असलहे भी न्यायालय परिसर में लेकर जाने पर रोक है इसका भी सख्ती से पालन कराया जा रहा है यदि कोई शस्त्र लेकर अंदर जाता है तो उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जिले में 22 नवम्बर से चलेगा फाइलेरिया एमडीए अभियान

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) के लिए जनपद स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लॉकों के चिकित्सा अधीक्षक प्रशिक्षित किए गए। यह प्रशिक्षण अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) वेक्टर बार्न डॉ एसपी मिश्रा तथा पाथ संस्था की जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ जसप्रीत कौर ने दिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें फाइलेरिया के कारण, उसकी जांच और लक्षणों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का सुचारु रूप से संचालन करने के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि यह अभियान 22 नवंबर से 07 दिसंबर तक जौनपुर सहित 19 जिलों में एक साथ चलाया जाएगा। डॉ कौर ने फेमिली सर्वे और उसके बाद होने वाली मइक्रोप्लानिंग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन एक टीम 25 घरों का भ्रमण करेगी और उपस्थित लोगों को अपने सामने दवा खिलाएगी। साथ ही अपने सर्वे रजिस्टर में भी नोट करेगी। अभियान के दौरान अल्बेंडाजोल एवं डीईसी की गोली खिलाई जाएगी। दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती तथा गंभीर रूप से बीमार लोगों को यह दवा नहीं दी जाएगी। चिकित्सा अधीक्षकों को अभियान के लिए पर्यवेक्षण की महत्ता भी बताई गई। डॉ एसपी मिश्रा ने बताया कि हर पर्यवेक्षक, छह टीमों की मानीटरिंग का कार्य करेगा। उन्होंने फाइलेरिया रोधी दवा आशा को अपने सामने खिलवाने पर जोर दिया। साथ ही वितरित करने के लिए सख्त मना किया है। डॉ मिश्रा ने खिलाई जाने वाली दवा के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि हर ब्लॉक पर रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी टीम) का गठन किया जायेगा, जो प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए तैयार रहेगी। आशा कार्यकर्ता के लिए एमडीए टीम का प्रक्षिक्षण 12 नवम्बर के बाद से शुरू किया जाएगा। इस मौके पर सहायक मलेरिया अधिकारी संजीव मिश्रा, फाइलेरिया इंस्पेक्टर दया शंकर, सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर अशोक कुमार, पी.सी.आई. संस्था के जिला समन्वयक शिव प्रसाद उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अहंकार में टकरानें वाले दोनों ही हार जाते हैं, और कोई तीसरा जीत जाता है–

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

फिर बीत गया अनाचार पर सदाचार के विजय का महापर्व

अभी अभी बीता है दशहरा का पावन दिन। असत्य पर सत्य की जीत असत्य पर सत्य की विजय और अनाचार पर सदाचार की जीत के साथ उत्साह और उमंग का पर्व। आज जब हम अहंकार भरी हुंकारकरते हुए रावण कुंभकर्ण और मेघनाद का पुतला फूंक ते हैं तो मन में एक संकल्प जन्म लेता है ऐसा संकल्प जो अनाचार अन्याय के विरुद्ध लड़ सके। लेकिन जैसे ही रावण कुंभकरण मेघनाथ का पुतला कुछ ही समय में जलकर बुझ जाता है वैसे ही हमारे मन में उभरे संकल्प क्षणिक बैरागी की तरह कुछ समय में टूट जाते हैं।और हम अपने पुराने ढर्रे पर चलने लगते हैं। यदि ऐसा न होता तो समाज से रावण कुंभकरण मेघनाथ जैसे राक्षसी प्रवृत्ति अन्याय अनाचार भ्रष्टाचार जैसे प्रवृत्ति कम होती दिखाई देती। आज यह सब कुरीतियां अपना पैर पसार ते हुए घर घर तक पहुंच चुकी हैं। दशहरे की सच्चाई क्या केवल इन रस्मों के पूरी होने तक है यह एक यक्ष प्रश्न है। या इस महापर्व के साथ कुछ विजय संकल्प भी जुड़े हैं। यह सवाल वैसे ही जलते सुलगते रह जाएंगे। शायद ही किसी का मन इनका जवाब पाने के लिए विकल या बेचौन हो। अन्यथा ज्यादातर जनों की जिंदगी दशहरा की रस्में जैसे तैसे पूरी करके फिर से अपने उसी पुराने ढर्रे पर लौटने लगेंगे। यही हमारे सामाजिक जीवन की विडंबना ग्रस्त सच्चाई है। सभी अपनी आपाधापी में परेशान हैं। सबको अपने अपने स्वार्थ और अपने अपने अहम की कारा गहरे है। ऐसे में सांस्कृतिक सामाजिक और राष्ट्रीय महत्व के बिंदुओं पर सोचने का जोखिम कौन उठाए यह हमारा राष्ट्रीय और सांस्कृतिक प्रमाद नहीं तो और क्या है कि हमें से प्रायः सभी अपने पूर्वज रिसीव मनीषियों द्वारा बताए गए प्रभु और प्रेरणा ओं को पूरी तरह भुला बैठे हैं। पर्वों में समाई सांस्कृतिक संवेदना हमारी जड़ता कोठियों में फंस कर मुरझा गई है। सत्य को समझने और अपनाने का साहस और संकल्प शायद हम सभी में मर चुका है।

जबकि वास्तव में विजयादशमी इसी साहस और संकल्प का महापर्व है। जीवन की इन दो महत्वपूर्ण शक्तियों को जागृत करने और उन्हें सही दिशा में नियोजित करने की महान प्रेरणा एस में समाई है। इस पर्व के साथ जितनी भी पुराण कथाएं अथवा लोक परंपराएं जुड़ी हुई हैं सब का सार यही है। इस पर्व से जुड़ी सबसे पुरातन कथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की है। अलग–अलग महा कवियों ने अपने अपने ढंग से प्रभु श्रीराम के विजय संकल्प को शब्दा अंकित किया है। कहा जाता है कि वह अतिथि भी विजयादशमी थी जब लोकनायक श्रीराम ने मेहर शियों के आश्रम में निसिचर हीन करो माही का वज्र संकल्प लिया था। और इसके कुछ वर्षों बाद घटनाक्रम में आए अनेक मोरों के बाद वह तिथि भी विजयादशमी ही थी जब समर्थ प्रभु ने अपने संकल्प को सार्थकता देख देते हुए रावण का वध किया था। कुछ लोक कथाओं एवं लोक कार्यों में दिए गए विवरण को यदि हम प्रेरणादाई माने तो भगवती महिषमरदिनी ने इसी तिथि में महिषासुर के आसुरी दर्प का दलन किया था। एक अन्य लोक कवि के अनुसार मां जगदंबा ने अपनी विभिन्न शक्तियों के साथ शारदीय नवरात्रि के 9 दिनों तक सिंफनी सुमो की आसुरी सेना के साथ युद्ध किया और अंत में नौवें तथा दसवें दिन क्रम सचिन निशुंभ का वध करके दया शक्तियों का प्राण किया था।

विजयादशमी माता आदिशक्ति की उसी विजय गाथा का प्रतीक है। जिन्हें केवल ग्रंथों की छानबीन एवं ऐतिहासिक आंकड़ों के आकलन का खेल पसंद है उन्हें हो सकता है कि लोग का क्योंकि यह प्रसंग इतिहास सत्य ना लगे। पर जिन्हें जीवन के भाव सत्य से प्यार है वहीं प्रसंगों से प्रेरणा लेकर अपनी भक्ति ओम शक्ति की अभिवृद्धि की बात जरूर सोचेंगे। शक्ति के उपासक क्षत्रियों में पुरातन काल में इस पर्व को धूमधाम से मनाने का प्रचलन था। देश का मध्य युगीन इतिहास भी इसके छिटपुट प्रमाण देता है। महान प्रतापी राणा प्रताप के साहस संकल्प शॉर्टेज एवं तब के पीछे विजयादशमी के महापर्व की ही राय थी। विजयादशमी को अपराजेय छत्रपति शिवाजी हमेशा ही साहस और संकल्प के महापर्व के रुप में मनाते थे। धुंधले और धूमिल होते जा रहे इस प्रेरणा दाई महापर्व की परंपरा के कुछ संस्मरण महान क्रांतिकारी वीर राम प्रसाद बिस्मिल एवं चंद्रशेखर आजाद से भी जुड़े हैं। यह क्रांतिवीर इस पर्व को उत्साह पूर्वक मनाया करते थे। चंद्रशेखर आजाद का कहना था कि हमारे सभी पर्व त्योहारों में जितनी ओजस्विता एवं प्रखरता दशहरा में है उतनी किसी अन्य पर में नहीं दिखाई देती।

राम प्रसाद बिस्मिल कहते थे कि विजयादशमी साहस और संकल्प का महापर्व है पर ध्यान रहे साहस का प्रयोग आतंकवादी बर्बरता अन्याय अनाचार भ्रष्टाचार के प्रति हो अपनों और सदाचार के प्रति नहीं। क्रांतिवीर बिस्मिल की है बातें आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। हमारा साहस और संकल्प आज दिशा भटक गए हैं। हम साहसी पराक्रमी तो है पर नव निर्माण के लिए नहीं बल्कि तोड़फोड़ के लिए। इसी तरह हम अपने संकल्प की शक्ति अहंग का उन्माद फैलाने और सांप्रदायिक दुर भाव बढ़ाने में लगाते हैं।

देश की समरसता एवं सौहार्द में विष घोलने का काम करते हैं। इस बार की विजयादशमी हम सबके लिए विजय का संकल्प बन कर आई थी स सब मिलजुलकर इस पर्व को मनाते। हम में से हर एक साहस भरा संकल्प लेता जो अपनी निजी और सामूहिक रूप से समाज की दूसरों को मिटाने का नीति और कुरीति के विरुद्ध संघर्ष करने का आतंक और अलगाव के विरुद्ध जूझने का। इस संकल्प में ही इस महापर्व की सच्ची सार्थकता है। इस साहसी संकल्प के अनुरूप व्रत सील जीवन जीकर ही हम यह प्रमाणित कर सकेंगे कि हम विजयादशमी को महापर्व का स्वरूप देने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के सच्चे भक्त हैं।

(लेखक सुविख्यात स्तंभकार एवं चिंतक हैं।)

सांसद का एक दिवसीय दौरा 23 अक्टूबर को, मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास, लोकार्पण एवं जनसभा कार्यक्रम में होंगी शामिल

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी एक दिवसीय दौरे पर 23 अक्टूबर शनिवार को जिले में पहुँच रही है। गांधी 23 अक्टूबर को 12:00 बजे हलियापुर–बेलवाई मार्ग तिराहा, हलियापुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत होगा12:30 बजे हर्ष महाविद्यालय कनेहटी देहली बाजार में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के साथ जिले के विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास, लोकार्पण कार्यक्रम एवं जनसभा में शामिल होंगी.सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया सांसद श्रीमती गांधी अपराह्न 2:45 बजे शास्त्री नगर स्थित आवास पर पहुंचेंगी।श्रीमती गांधी विश्राम के पश्चात 4:00 बजे वाया मुसाफिरखाना जगदीशपुर,हैदरगढ़, लखनऊ आगरा एक्सप्रेस – वे होते हुए 14 अशोका रोड नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। विद्यालय के प्रबंधक विशाल शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री के आने की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं।

प्रथम दुर्गा के विसर्जन के साथ शुरू हुआ विसर्जन का सिलसिला, नम आंखों से दी श्रद्धालुओं ने माँ को विदाई

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : झुका प्रशासन, दी अनुमति, घाट की ओर बढ़े श्रद्धालु। एक बार फिर माँ का जयकारे लगाते समिति के सदस्यों ने दुर्गा प्रतिमाओं को रथ से उतार कर हाथों में पकड़ कर घाट की ओर विसर्जन करने को बढ़े। घाट पर लगने लगा मूर्तियों का अम्बार। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे जोश ए खरोश में श्रद्धालु व पूजा समिति।सदैव से ही गोमती नदी में ही दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जन करने की रही है परंपरा।एक–एक कर दर्जनों मूर्तियां पहुँची गोमती नदी के पावन तट, 5 बजकर 45 मिनट पर हुआ प्रथम दुर्गा का गोमती

नदी में विसर्जन, नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी माँ को बिदाई।

तेज रफ्तार वाहन ने दो बाइक को मारी टक्कर, एक की हुई मौत तीन गंभीर रूप से घायल

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : थाना महाराजगंज तराई में नशे में धुत तेज रफ्तार वाहन चालक ने दो अलग–अलग स्थानों पर बाइक सवारों को टक्कर मार दी। घटना में पेशे से वकील एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिला अस्पताल में हालत गंभीर होने वालों को समुचित चिकित्सा के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। नगर के भगवती गंज निवासी रमन कश्यप एडवोकेट आयु 35 वर्ष बीते दिन शाम करीब 8:00 बजे अपने ससुराल तुलसीपुर में मुंडन समारोह में शामिल होने जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर लव कहावा के पास तुलसीपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने रमन की बाइक में टक्कर मार दी। घटना में रमन की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना इसी बौद्ध परिपथ पर जयपुर वा गांव के पास वाहन ने तीन बाइक सवारों को टक्कर मार दिया। घटना में बाबूराम आयु 28 वर्ष शंकर आयु 32 वर्ष तथा डब्लू आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक वाहन चालक काफी तेज गति एवं नशे में धुत था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची यूपी 112 की टीम ने एंबुलेंस से सभी को जिला मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में हालत गंभीर होने पर घायलों को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रहास मिश्र ने बताया कि मृतक रमन कश्यप के बड़े भाई मुरारी कश्यप की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

चुनावी रंजिश के चलते ट्रैक्टर से कुचलकर भाजपा नेता की हत्या : पूर्व में भी हत्या का किया जा चुका है प्रयास

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : थाना हरैया अंतर्गत बल्दी डी निवासी भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर संयोजक कृष्ण प्रकाश शुक्ला उर्फ पप्पू की रंजिश के चलते ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या कर दी गई। परिजनों का आरोप है कि मृतक को गोली भी मारी गई है। हत्या से नाराज परिजनों तथा समर्थकों ने सड़क पर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर 5 लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। अधिकारियों के समझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। ग्राम बल्दी डीसी निवासी ममता शुक्ला ने बताया कि उनके पति भाजपा के सेक्टर संयोजक के पी शुक्ला उर्फ पप्पू सुबह भर सैया बाजार से वापस लौट रहे थे तभी कुछ महाभा महंत भट्ठे के पास उन्हें ट्रैक्टर से टक्कर मारी गई। पप्पू जान बचाने के लिए धान के खेत में भागे तो चालक ने उन्हें खेत में कुचल कर मार डाला। घटना के बाद आरोपी मौके पर ट्रैक्टर और बाइक छोड़कर फरार हो गए हैं। बाइक पर पुलिस का लोगो लगा हुआ है। राजेश ने बताया कि मृतक गांव के प्रधान प्रतिनिधि हैं। उन्होंने पिछड़े वर्ग की महिला को चुनाव लड़ा कर जिताया था घटना से आक्रोशित परिजनों तथा समर्थकों ने भर सैंया बाजार में सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। लोगों का कहना है कि मृतक के ऊपर इससे पूर्व भी जानलेवा हमला हुआ था। इस हमले के आरोपी इस समय जेल से बाहर हैं। परिजनों का यह भी आरोप है कि कुचलने से पहले मृतक को गोली भी मारी गई है। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा शिव प्रभात कुमार प्रभारी निरीक्षक जयदीप दुबे तथा कई अन्य थानों की फोर्स लोगों को समझाने बुझाने में जुटे थे। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी तथा मौके पर डीएम व एसपी को बुलाए जाने की मांग पर अड़े हुए थे। देर शाम ममता शुक्ला की तहरीर पर पुलिस ने राकेश उर्फ राजेश कुमार यादव महंत उमाकांत राहुल सतीश तथा जितेंद्र के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया। अधिकारियों के समझाने पर परिजन तथा समर्थक मान गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने बताया कि परिजनों की तहरीर में दर्शाए गए उपरोक्त पांचों लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। 9 महीने पूर्व भी हुआ था जानलेवा हमला चल रही थी चुनावी रंजिश। केपी शुक्ला उर्फ पप्पू को पुरानी रंजिश के चलते करीब 9 माह पूर्व गोली से मारने का प्रयास किया गया था। इस हमले में वह बाल–बाल बच गए थे। केपी शुक्ला की तहरीर पर पुलिस ने जितेंद्र के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज कर जेल भेजा था। आरोपी इस समय जमानत पर जेल से बाहर है। घटना को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। मृतक के परिजन आरोप लगा रहे हैं कि यदि स्थानीय पुलिस ने मृतक की शिकायतों को गंभीरता से लेकर कार्यवाही की होती तो शायद आज यह दर्दनाक घटना घटित नहीं होती। वर्ष 2015 के पंचायत चुनाव से ही के पी शुक्ला की गांव में चुनावी रंजिश चल रही थी। 2015 का चुनाव वह प्रतिद्वंदी राजेश कुमार महंत से हार गया था किंतु इस बार केपी शुक्ला ने पिछड़े वर्ग की महिला को चुनाव लड़ाया और उसे जीत दिला दी। इस बात से प्रतिद्वंदी राजेश कुमार यादव उर्फ महंत तिल मिलाया हुआ था। इस बात को लेकर विरोधी से उसकी रंजीत भी चल रही थी। घटना भी विरोधी के भट्टे के पास ही हुई है। परिजन मामले में विरोधी तथा जानलेवा हमले के पूर्व आरोपी सहित पांच लोगों पर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। इन लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस भी दर्ज कर लिया है।

हवा हवाई साबित हो रहा शिक्षकों पर हर दिन बच्चों को स्कूल लाने का जिम्मा

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : शिक्षकों पर हर दिन बच्चों को स्कूल लाने की जिम्मेदारी दी गई है। स्कूलों में बच्चों की संख्या में कमी पाए जाने पर संबंधित शिक्षकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। कोरोनावायरस लिंग गैप को समाप्त करने की तैयारियां की जा रही हैं। निरीक्षण में प्राथमिक उच्च प्राथमिक तथा कम अपोजिट स्कूलों के शैक्षिक गतिविधियों में सुधार ना पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। यह बातें बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामचंद्र ने नगर संसाधन केंद्र परिसर के जूनियर हाई स्कूल नगर पालिका में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में कही। प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी शिक्षकों को सलाह दी गई कि कोरोना का हाल में प्रभावित होने वाली शिक्षा में सुधार करना है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है कि बच्चे स्कूल हर दिन आए पूर्णविराम बच्चों को रोजाना स्कूल लाने के लिए शिक्षकों को प्रयास करना होगा। जिले के सभी 10 शिक्षा क्षेत्रों में क्रमशः 22 यह आरोपी को प्रशिक्षित किया जाएगा जो अपने अपने शिक्षा क्षेत्रों के शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता निरंकार पांडे के मार्गदर्शन में यह आरोपी को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर अरुण मिश्र मनोज तिवारी उस्मान शैलेंद्र सिंह व सुबोध श्रीवास्तव यह आरोपी को प्रशिक्षित करेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी के कड़े तेवर के बावजूद भी अध्यापक बच्चों को लाने की बजाय स्वयं विद्यालय में समय से नहीं पहुंच रहे हैं और बेसिक शिक्षा अधिकारी का आदेश हवा हवाई मात्र साबित होकर रह गया है।

ध्यान और भजन से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव : अम्बरीष

शाहजहाँपुर। हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि परमेश्वर के ध्यान और भजन से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव है। शाहजहांपुर के हनुमतधाम रोड स्थित परी मैरिज लॉन में मण्डल द्वारा आयोजित वार्षिक धर्मोत्सव में उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता का पुण्य पथ अनगिनत उदाहरणों से भरा पड़ा है।जहां भक्ति मार्ग पर चलकर संतों भक्तों ने परमात्मा को साधा है।महात्मा बुद्ध,स्वामी विवेकानन्द, आद्य शंकराचार्य,स्वामी दयानंद जैसे महान संतों ने इस मार्ग को सुशोभित किया और साधारण मनुष्य को भी परमेश्वर की कृपा का सहज मार्ग दिखाया।कहा कि एक गृहस्थ व्यक्ति के लिए यही उचित है कि वह परिवार, राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी अपेक्षित जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए भक्ति मार्ग पर चलता रहे और स्वयं की क्षमतानुसार ज्ञान,भक्ति और कर्म के मार्ग पर अग्रसर हो। शाहजहांपुर के प्रमुख समाजसेवी विनय अग्रवाल ने कहा कि नर सेवा,नारायण सेवा।कोई भूखा न सोए,इसलिए रसोई संचालित है।प्रश्न यह है कि आज भी रोटी की समस्या क्यों?सरकारी अस्पतालों में दवा क्यों नहीं?शिक्षा का स्तर निम्न क्यों? श्री अग्रवाल ने कहा कि बच्चा जन्म से ही सरकार को कर देना शुरू कर देता है।फिर पब्लिक स्कूल की तरह सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की जाती?उन्होंने कहा कि नेता सरकारी वाहन,बंगला,सेवक एवं सुविधाएं तो प्रयोग करते हैं परंतु अपने बच्चे को सरकारी स्कूलों में पढ़ाना पसंद नहीं करते।हमारी भोलेनाथ से प्रार्थना है कि वह नेताओं को सद्बुद्धि प्रदान करें।जिससे शिक्षा,स्वास्थ्य और रोटी की समस्या का समाधान हो जाए। लखनऊ मण्डल के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि अष्टांग योग के अंतर्गत प्रथम पांच अंग (यम, नियम, आसन, प्राणायाम तथा प्रत्याहार) 'बहिरंग' और शेष तीन अंग (धारणा, ध्यान, समाधि) 'अंतरंग' नाम से प्रसिद्ध हैं। बहिरंग साधना यथार्थ रूप से अनुष्ठित होने पर ही साधक को अंतरंग साधना का अधिकार प्राप्त होता है। 'यम' और 'नियम' वस्तुतः शील और तपस्या के द्योतक हैं।कहा कि द्विज का अर्थ,दो बार जन्म से है। द्विज शब्द का प्रयोग हर उस मानव के लिये किया जाता है जो एक बार पशु के रुप में माता के गर्भ से जन्म

लेते है और फिर बड़ा होने के वाद अच्छी संस्कार से मानव कल्याण हेतु कार्य करने का शिव संकल्प लेता है। लखीमपुर के जिला प्रमुख जमुना प्रसाद ने कहा कि सतसंगति से सुख होता है और कुसंग से दुःख होता है। इसलिए हमेशा वहां जाना चाहिए जहाँ पर साधु संत हो। क्योंकि वहां पर आनंद ही आनंद होता है। हरदोई के जिला महामंत्री रवि लाल ने बताया कि वेद ज्ञान मनुष्य मात्र को पवित्र करता है।असत्य और अंधविश्वास से मुक्त होकर ही सत्य की राह पर चल सकते हैं। वरिष्ठ सत्संगी रामअवतार ने दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दानवीर कर्ण,महर्षि दाधीच,राजा शिवि के प्रसंग सुनाए। व्यवस्था प्रमुख यमुना प्रसाद ने कहा कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए भक्ति मार्ग पर चलेंगे तो निश्चित ही उस प्रकाश स्वरूप परमेश्वर का साक्षात्कार कर सकेंगे। हरदोई के जिलाध्यक्ष एवं प्रचारक प्रेम भाई ने बताया कि ईश्वर की भक्ति से ही मनुष्य भव सागर से पार हो सकता है।सत्संग,सेवा और सुमिरन से ही मुक्ति के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं। समापन पर मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक ने कहा कि सत्संग ही ऐसी पद्धति है जिससे हमारे अन्दर मनुष्यता आती है।जो भक्त पग पग पर प्रभु का स्मरण करता है।वह भक्त समाज के कल्याण में सहायक हो,परमार्थ करता है। मण्डल के जिला महामंत्री रजनीश कुमार सक्सेना के संचालन में हुए धर्मोत्सव का शुभारम्भ शाहजहांपुर के प्रमुख समाजसेवी विनय अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं बहिन श्रुति की सामूहिक ईश प्रार्थना से हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के जिलाध्यक्ष डॉ कालिका प्रसाद ने की। दर्शिका, अंजली, रामचन्द्र राजपूत, भैयालाल, श्रीकृष्ण, राज कुमार आदि ने प्रेरणादायी भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर लिया। बुधवार की रात्रि 08 बजे से गुरुवार की प्रातः 06 बजे तक सम्पूर्ण रात्रिभर चले इस धर्मोत्सव में डॉ रोहित वर्मा, हरिओम,वेद प्रकाश, गोपाल बाबू,महात्मा राम सागर,देव सिंह,स्वामी दयाल,बाबूराम, डॉ रामौतार,राजपाल,अंकुर कटियार एवं सुबोध आदि ने धर्मोत्सव को भव्य बनाने में विशेष योगदान दिया।

कपड़ा व्यापारी से 40 हजार रुपए की लूट

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बुधवार की देर शाम हरदोई शाहजहांपुर हाईवे पर उधारनपुर के आगे बंगला बाग के पास बाइक सवार 3 अज्ञात लुटेरों ने तमंचे की नोक पर कपड़ा व्यापारी से 40 हजार की लूट कर ली और भाग निकले।घटना की सूचना पीड़ित व्यापारी की ओर से कोतवाली में दे दी गयी है। शाहजहांपुर निवासी विक्की सक्सेना और रोहित सक्सेना कस्बा शाहाबाद से बकाया भुगतान लेकर वापस बाईक से जा रहे थे।शाम के लगभग 6 बजे उधरनपुर के आगे बंगला बाग के बाइक सवार 3 अज्ञात लुटेरों ने तमंचे की नोक पर उन्हें रोका और उनके पास रखे 40 हजार लूट लिये।पीड़ित व्यक्ति कृष्णा हौजरी शाहजहांपुर के कर्मचारी हैं। जो हर हफ्ते उधारी का पैसा वसूलने शाहाबाद और पिहानी आते हैं और पैसा वसूल कर ले जाते हैं।फिलहाल उक्त घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।वहीं पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है।घटना के बाद रात्रि में ही एएसपी ने घटना स्थल का मुआयना किया और शाहाबाद कोतवाली पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

तूफानी हवा और बारिश से कई सौ हेक्टेयर फसल हुई तबाह

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : तेज हवाओं के साथ बीते 5 दिनों से भारी बारिश होने के चलते करीब 300000 हेक्टेयर में लगी फसलें तबाह हो गई है। धान व अन्य फसलों की 40 से 45 और गन्ने के गिरने से 35 से 40: नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। खेतों में खड़ी तथा कटी धान गन्ना व अन्य फसलों की बारिश होने से बर्बादी हुई है। फसलों के तबाह होने से अन्य दाताओं को भुखमरी की चिंता सताने लगी है। बारिश का पानी जमा होने से सड़कों की हालत बदहाल हो गई है। सड़कों पर कीचड़ व गंदगी के चलते लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2021 वह 22 में 7315 हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की नर्सरी 7600 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की संकर प्रजाति 675 हेक्टेयर में सुगंधित प्रजाति तथा 3301 8 हेक्टेयर में धान के अन्य प्रजाति की बुवाई की गई थी । चालू सत्र में 1097 97 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सभी प्रकार के धाम बॉय गए। मक्का 2474 हेक्टेयर ज्वार 5 हेक्टेयर उड़द 1820 सेक्टर अरहर 10386 हेक्टेयर तिल 18 हेक्टेयर और मूंगफली 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बोया गया। बरस 2021–22 में जिले के 190000 किसानों ने 93049 दशमलव 36 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई की। किसान बलदेव शिव कुमार शिव प्रसाद बिंदेश्वरी प्रसाद हुआ मनीराम आदि ने बताया कि तूफानी हवाओं के साथ भारी बारिश के चलते उनके खेतों में कटी वा लगी धान के साथ अन्य फसलें लगभग आधी बर्बाद हो चुकी हैं। तेज हवाओं के साथ बारिश होने से गन्ने की फसल गिर गई है जिससे लगभग 40: से अधिक का नुकसान हुआ है। फसलों का नुकसान होने से किसानों को भारी आर्थिक संकट से जूझना पड़ेगा। बेमौसम बारिश से किसानों को चिंता सता रही है। बीते 5 दिनों से तेज हवाओं के साथ रुक–रुक कर हो रही बारिश से पानी खेतों में जमा होने के कारण धान की फसल तबाह हो गई है। अन्य दाताओं को खेतों में पड़ी धान की कटी फसल को सहेजने का जुगाड़ भी नहीं मिल पा रहा है। मौसम की मार से परेशान अन्नदाता ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। अन्नदाता ओं का कहना है कि धान की उपज ना मिलने से परिवार के पालन पोषण का कोई सहारा नहीं बचेगा। जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा ने फसल बीमा कराने वाले किसानों को सुझाव दिया है कि नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल कंपनी को या कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को सूचना दें जिससे उनके नुकसान की भरपाई कराई जा सके। लेकिन लघु और सीमांत किसानों के सामने तो शिवाय भुखमरी के अन्य कोई विकल्प ही नहीं बचा है। पिछले कई दिनों से भारी बारिश होने से सड़कें पूरी तरह से बदहाल हो चुकी हैं सड़कों पर कीचड़ व गंदगी लबालब है जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नेशनल हाईवे हो या ग्रामीण सभी सड़कों पर लोगों को कीचड़ व गंदगी से आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं बारिश के दौरान बिजली की कटौती ने भी लोगों को बद हाल कर दिया है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रामलला का किया दर्शन, ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ मंदिर निर्माण तैयारियों को भी देखा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) कारसेवकपुरम में चल रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पांच दिवसीय अखिल भारतीय शारीरिक प्रशिक्षण वर्ग में हिस्सा लेने पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के के पदाधिकारियों के साथ रामलला का दर्शन किया और मंदिर निर्माण कार्य को भी देखा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार दोपहर बाद ट्रस्ट के सचिव चंपत राय, कोषाध्यक्ष अनिल मिश्र, सदस्य महंत दिनेंद्र दास के साथ रामलला का दर्शन करने पहुंचे। इसके अलावा उनके साथ संघ के सह सर कार्यवाह दत्रात्रेय हसबोले, कृष्ण गोपाल, भैया जी जोशी भी मौजूद रहे। संघ प्रमुख ने मंदिर के चतुष्कोण करने व दर्शन मार्ग से सुलभ व उस पर भीड़ के दौरान व्यवस्था की भी जानकारी ली। इससे पहले कारसेवकपुरम में बुधवार को संघ प्रमुख ने अखिल भारतीय शारीरिक वर्ग को तीन सत्र में संबोधित किया। उन्होंने देश के कोने–कोने में संघ की शाखाएं चालू करने पर जोर दिया। मंदिर निर्माण में संघ की भूमिका व उसके भविष्य पर भी मंथन किया गया। संघ प्रमुख अपने तीन दिवसीय प्रवास पर मंगलवार की रात अयोध्या पहुंचे थे। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग में देशभर में संघ की शाखाओं के नियमित संचालन पर जोर दिया गया।

सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय, पिलखिनी गौराबादशाहपुर जौनपुर मैं स्वास्थ्य जागरूकता का शिविर का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : भारतीय रेडक्रास सोसाइटी एवं आकांक्षा समिति के तत्वावधान में सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय, पिलखिनी गौराबादशाहपुर जौनपुर मैं स्वास्थ्य जागरूकता का शिविर का आयोजन किया गया। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉक्टर अंकिता राज, डॉ विमला सिंह, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ मनोज वत्स, संस्था की प्राचार्य डॉ रूबी राय ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉक्टर अंकिता राज ने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर होना चाहिए तथा किसी भी छेड़–छाड़ को अपनी परिवार में भाभी, मां और बहन से निसंकोच बताना चाहिए जिससे समस्याओं का निवारण हो। बालिकाओं को कोई भी बात अपने अंदर छुपा के नहीं रखनी चाहिए नहीं तो कभी कभी इससे वे डिप्रेशन का शिकार हो जाती हैं इसलिए निसंकोच किसी बात को अपने परिवार में शेयर करना चाहिए। डॉक्टर अंकिता राज ने उदाहरण के तौर पर एक बात कहीं जिस प्रकार से एक पत्ते में कीड़े लग जाते हैं कीड़ा जो पत्ते को धीरे धीरे खोखला कर देता है, उसी प्रकार से महिलाएं अपनी समस्याओं को अपने अंदर छिपा कर रखती है तो अंदर से उनको हमेशा वही बात चुभती रहेगी। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व कुप्रथाओं से बाहर निकाल कर आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का गुण बताया। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ अंकिता राज ने अपने छात्र जीवन से लेकर उच्च शिक्षा काल के तमाम अनुभवों को छात्राओं से साझा किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि समाज सेविका डॉ विमला सिंह ने अपने सामाजिक अनुभवों से छात्राओं की विस्तृत जानकारी दी। सचिव डॉ मनोज वत्स ने कहा कि मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए सबसे जरूरी उसका खानपान पौष्टिक होना चाहिए। उसकी इम्युनिटी भी मजबूत रहनी चाहिए अगर इम्युनिटी पावर मजबूत है तो किसी भी बीमारी बचा सकता है। शरीर में कोई भी परेशानी हो तो उसकी शीघ्र ही जांच कराएं जिससे रोग का पता चल सके और सही समय पर उसका इलाज हो सके। राहुल सिंह ने अपना विचार व्यक्त करते हुए छात्राओं को शिक्षित करने की बात कही। रेडक्रास सोसाइटी की तरफ से सभी छात्राओं को सेनेटरी पैड, टॉवेल, साबुन, मास्क, टूथब्रश आदि वितरित किया गया। प्राचार्य डॉ रूबी राय ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल अस्थाना ने किया। आगंतुकों के प्रति आभार डॉ सदानन्द सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सोनारी की रोशनी मिश्रा को चिकित्सा के लिए रेड क्रॉस की तरफ से आथिर्क सहायता का चेक भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर रवि सिंह, राघवेन्द्र सिंह, आशीष श्रीवास्तव, सं भानुवीय सिंह, अंकिता सिंह, मनीष सिंह संजय यादव, मुरारी आदि उपस्थित रहे।

''जिला बाल संरक्षण इकाई, जौनपुर सभागार'' में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 02 अक्टूबर 2021 से 14 नवम्बर 2021 तक मनाये जा रहे ''आजादी का अमृत महोत्सव'' कार्यक्रम के अर्न्तगत माननीय जनपद न्यायाधीश एम0 पी0 सिंह के संरक्षण एवं अनुमति से ''महिला सशक्तीकरण'' विषयान्तर्गत राज्य महिला आयोग के सहयोग से ''मिशन शक्ति'' के अन्तर्गत महिला जनसुनवाई एवं महिलाओं से सम्बन्धित कानूनों एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कराये जाने हेतु दिनांक 21 अक्टूबर 2021 को ''जिला बाल संरक्षण इकाई, जौनपुर सभागार'' में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं, गरीब एवं कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के हितार्थ निःशुल्क विधिक सहायता, सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता प्रदान कराये जाने के बारे में बताया गया। महिलाओं के सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए कहा गया कि प्राचीन काल से ही भारत में लैंगिक असमानता और पुरूष प्रधान समाज में महिलाएं पुरूषवादी प्रभुत्व देश में पिछड़ती जा रही हैं। पुरूष और महिला को बराबरी पर लाने के लिए महिला सशक्तीकरण में तेजी लाने की जरूरत है। कानूनी अधिकार के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये ''एक बराबर पारिश्रमिक अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं पी0सी0पी0एन0डी0टी0 अधिनियम'' के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और कहा गया कि सही मायनों में महिला सशक्तिकरण की प्राप्ति तभी संभव है जब महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके, जिससे पुरूषों की तरह वह भी बिना भय के स्वच्छन्द रूप से कहीं भी आ जा सकें। साथ ही अपने–अपने बच्चों को अच्छी और उच्च शिक्षा प्रदान कराये जाने पर जोर दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि 02 अक्टूबर 2021 से 14 नवम्बर 2021 तक जनपद में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' मनाया जा रहा है, इस अभियान का उद्देश्य विधिक सेवा गतिविधियों की जागरूकता जन–जन तक पहुँचाया जाना है, ताकि जनपद का प्रत्येक नागरिक आवश्यकतानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर लाभ उठा सके। इस अवसर पर श्रीमती शशी मौर्या, सदस्य, उ0 प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा बताया गया कि उ0 प्र0 सरकार के ''मिशन शक्ति'' अभियान का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को जागरूक कराना एवं उन्हें स्वावलम्बी बनाना है। इसके अतिरिक्त महिलाओं के प्रति हिंसा करने वाले लोगों की पहचान उजागर करना, महिलाओं को राज्य में सुरक्षित महसूस कराना है। पूर्व अध्यक्ष, बाल संरक्षण समिति संजय कुमार उपाध्याय द्वारा सरकार की ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' योजना, डा0 सीमा सिंह द्वारा एड्स के कारण एवं बचाव की जानकारी प्रदान करायी गयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिला पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, उ0 प्र0 मुख्यमन्त्री बाल सेवा योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी। पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार यादव, द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करायी गयी। कार्यक्रम का सफल संचालक करते हुए चन्दन राय, बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों एवं केन्द्र/राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करायी गयी। साथ ही उपरोक्त से सम्बन्धित ''राजकीय सर्किट हाऊस लाइनबाजार'' जौनपुर में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं को विधिक सेवा गतिविधियों की जागरूकता हेतु नामित पैनल अधिवक्ता एवं पी0एल0वी0 गण द्वारा विधिक जानकारी प्रदान करायी गयी एवं सुनवाई में दो पीड़ित महिलाओं निशा सोनकर निवासी भाऊपुर एवं शशिकला चौहान निवासी संघईपुर के प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

कायस्थ समाज हमेशा राष्ट्रहित देशहित में कार्य करता है और करता रहेगा:मनोज श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कायस्थ समाज हमेशा राष्ट्रहित देशहित में कार्य करता है और करता रहेगा उक्त विचार कायस्थ समाज के राष्ट्रीय नेता विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, आरएसएस, सहित अन्य हिंदूवादी संगठनों में कार्य कर चुके हैं वर्तमान में भाजपा उत्तर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव मिर्जापुर ने आज रुहट्टा में प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक, पत्रकार के आवास पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में भी कायस्थों का बड़ा योगदान था कायस्थ समाज ने देश को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री सहित अनेक पद दिए जो राष्ट्रसेवा में समर्पित रहे। मनोज जी ने कहा कि आज कायस्थ समाज राजनीतिक क्षेत्र में पीछे जा रहा है समाज के लोगो को राजनीति के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु ने कहा कि 3 दिसंबर को लखनऊ में कायस्थ महासभा का एक बड़ा आयोजन किया जायेगा ।जिलाध्यक्ष नीलमणी श्रीवास्तव ने कहा कि जौनपुर महासभा का तेजी से विस्तार हो रहा है और लोग जुड़ रहे है। स्वामी विवेकानंद महराज जी ने कहा कि यही महासभा ऐसी है जहां सभी का सम्मान होता है यहां न कोई छोटा है न बड़ा ।इसके पूर्व मनोज जी को अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन संचालन महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने किया। सम्मान

समारोह में जिला महामंत्री भाजपा व जिला संगठन महामंत्री ई अमित श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष भाजपा अमित श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव सभासद,जिला उपाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी जिला सचिव शरद श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव जिला महासचिव युवा शाखा सुलभ श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष युवा शाखा व नगर अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा आयुष अस्थाना अतुल श्रीवास्तव ,जिला महामंत्री प्रियंका श्रीवास्तव खुशबू, अनीश श्रीवास्तव दीपक जी दीपू, रोहन श्रीवास्तव आदि चित्रांश बंधु मौजूद रहे।

महिलाओं से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

जौनपुर सू.वि. : मिशन शक्ति फेज 3.0 के तहत आज बाल कल्याण समिति कचहरी जौनपुर में महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई, जिसमें मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती शशि मौर्या एवं सचिव जिला विधिक प्राधिकरण शिवानी रावत द्वारा महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार की जानकारी प्रदान की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बाल सेवा योजना व बाल सेवा योजना सामान्य, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि पहले हमें उन लोगों को ट्रेनिंग देना चाहिये जो सामान्य जनमानस अथवा जमीनी स्तर पर योजनाओं की जानकारी देने के लिए जाते हैं क्योंकि यदि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं होगी तो वे समाज के जमीनी स्तर के लोगों को जानकारी गलत तरीके से दे सकते हैं इस कारण पहले उन्हें ट्रेनिंग देकर योग्य बनाया जाए क्योंकि जो भी जानकारी उन तक पहुंचे वह सही और सटीक हो। काउंसलर सीमा सिंह द्वारा महिलाओं के आत्मनिर्भरता की बात की गई। गोष्ठी के उपरांत लोक निर्माण विभाग जौनपुर में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 07 मामले आए जिन पर राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती शशि मौर्या द्वारा संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मामले का निस्तारण जल्द से जल्द करवाएं ताकि जनमानस या पीड़ित व्यक्ति का निराकरण किया जा सके। जनसुनवाई में नगर मजिस्ट्रेट, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डूडा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला शक्ति केंद्र, वन स्टॉप सेंटर के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा मेडिकल कॉलेज का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एडमिनिस्ट्रेशन, एकेडमिक बिल्डिंग, लेक्चरर हाल एवं लैब का बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि

जनपद के लिए बड़ा ही हर्ष का विषय है कि राजकीय मेडिकल कालेज सिद्दीकपुर के लिए शासन स्तर से मान्यता मिल गई है। सोमवार को नेशनल मेडिकल कमीशन की टीम के वर्चुअल निरीक्षण के बाद अनुमति मिली है। उन्होंने कहा की कि 25 अक्टूबर को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा वाराणसी से इसका वर्चुअल उद्घाटन प्रस्तावित है। प्रथम वर्ष के छात्रों की पढ़ाई के लिए लेक्चरर भवन, लैब एवं आवश्यक भवन तैयार कर लिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के संबंध में सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली जाए किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव ,प्राचार्य शिवकुमार, राजकीय निर्माण निगम के आर. ई. आर के सिंह, टाटा कंपनी के आरसीएम रत्नेश सिंह, जेई राजेश कुमार, कांट्रेक्टर सुनील यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

डीएम से की कोटेदार की शिकायत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरदोई जिला के सुरसा ब्लाक के मरसा गाँव के कोटेदार द्वारा ग्राम सभा की जनता को मानक के अनुरूप राशन बहुत दिनों से नहीं दिया जा रहा है। ग्रामसभा के कोटेदार एक दबंग व्यक्ति होने के नाते यदि कोई विरोध भी करता है तो माँ बहन की भद्दी गालियाँ देते हुए जाति सूचक शब्द का प्रयोग करके भगा दिया जाता है। और कोटेदार द्वारा कहा जाता है कि भा.ज.पा (भारतीय जनता पार्टी) की सरकार जाने दो तब जो राशन मिल रहा है वो भी नहीं दूँगा। जिलाधिकारी के किये गये कार्यों की प्रसंसा पूरे जिले में चल रही है इतनी अच्छी सुव्यवस्था में भी ग्राम मरसा के कोटेदार गज्जु पुत्र भग्गा जाति मुसलमान तथा उनके पौत्र रूबील अली पुत्र स्व. रहीशअली द्वारा ग्राम मरसा की जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है यही नहीं उत्तर प्रदेश सरकार की निधि से जारी किये गये खाद्य सामग्री की काला बाजारी की जा रही है। प्रति व्यक्ति के यूनिट को 4.500 किलो राशन दिया जा रहा है घर में तौलने पर 4 किलो होता है प्रति यूनिट 15रू लिए जाते हैं अन्तोदय कोर्ड में30 किलो राशन देकर 100 रू लिया जा रहा है। गाँव के गरीब अनपढ़ लोगों के राशन कार्ड बनवाने का लालच देकर उनके परिवार के आधार कार्ड लेकर उनका राशन कार्ड उनके परिवार में न जोड़कर अपने नजदीकी लोगों के राशन कार्ड में जुड़वाकर उनका राशन कोटेदार हडप कर लेता है जब लोग कोटेदार से पूछते है तो बताता है कि अभी राशन कार्ड नहीं बना है। कोटेदार के पास कोटा आने के बाद ट्रेक्टर, मोटरसाईकल, स्कारपियो, बुलेरो, डाला 2 आलीशान मकान और 20 बीघा जमीन अर्जित की है। सारी सम्पत्ति राशन की काला बाजारी करके बनायी गई है कोटेदार की उम्र लगभग 85 वर्ष है इसलिए उनके कोटे का कार्य उनका पौत्र रूबील अली रहीशअली चलाता है। सुरसा ब्लाक के ग्राम मरसा के कोटेदार के राशन की दुकान का स्वंय औचक निरीक्षण करके कोटे की दुकान निरस्त करके तथा आय से अधिक सम्पत्ति जाँच कराके उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग ग्रामीणों ने की है। उधर टड़ियावां विकास खण्ड की ग्राम पंचायत बहोरवा में सरकारी खाद्यान्न वितरण की दुकान संचालक/कोटेदार शम्भू दयाल पुत्र छेदा लाल की घटतौली की ग्रामीणों से मिली शिकायत थी।वही ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जिला अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देशन पर हरदोई सदर की बाट माप अधिकारी मीनू तिवारी ने गुरुवार के दिन उक्त कोटेदार शम्भू दयाल की करतूतों का पर्दा फास करने हेतु योजना बंद्धय राशन वितरण के समय कोटेदार के द्वारा की जा रही घटतौली की जाँच की, जिसमें इलेक्ट्रिक कांटे से वितरण होता पाया गया। मौके पर तौल करने पर प्रयोग में लाए जा रहे कांटे पर मानक टेस्ट बांट 5 किलोग्राम की जगह 400 ग्राम ज्यादा व 15 किलो बांट रखने पर 16 किलो 250 ग्राम पाया गया।कांटा असत्यापित दर्शाता पाया गया। जिमसें बाट माप अधिकारी श्री मती तिवारी ने कोटेदार शम्भू दयाल की घटतौली को पकड़ कर चालान किया गया।

एम. एड. प्रवेश परीक्षा की उत्तरमाला वेबसाइट पर उपलब्ध

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के लिए हुई एम. एड. 2021–23 की प्रवेश परीक्षा की उत्तरमाला वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। यह प्रवेश परीक्षा 8 अक्टूबर 2021 को हुई थी। इस उत्तरमाला के संबंध में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह वेबसाइट पर दिए गए ईमेल के माध्यम से आपत्ति दर्ज करा सकता है। आपत्ति के साथ संबंधित साक्ष्य भी भेजना जरूरी है। आपत्ति के लिए दूसरा कोई माध्यम मान्य नहीं होगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री बीएन सिंह ने दी है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संरक्षण एवं अनुमति से जिला कारागार, जौनपुर का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संरक्षण एवं अनुमति से बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान करने हेतु 21 अक्टूबर 2021 को जिला कारागार, जौनपुर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के समय पूँछे जाने पर जेलर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1157 बन्दी है, जिनमें पुरूष 1046 महिला 61 तथा 50 अल्पवयस्क हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 14 बच्चे हैं। महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। वर्तमान में कोई भी बन्दी गम्भीररूप से बीमार व कोविड मरीज नहीं है। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सचिव, श्रीमती शिवानी रावत द्वारा बन्दियों को गिरफ्तार हुये व्यक्तियों के अधिकारों के बारे मे जानकारी देते हुए बताया गया कि गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को अधिवक्ता नियुक्त करने तथा गिरफ्तार किये जाने पर रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर द्वारा परीक्षण व धारा 41

बी द0प्र0सं0 के अर्न्तगत पुलिस द्वारा गिरफ्तारी प्रपत्र बनाये जाने एवं गिरफ्तारी का आाार जानने का तथा जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने का अधिकार है, गिरफ्तारी के बारे में पारिवारिक सदस्यों या मित्र को सूचितकिये जाने तथा गिरफ्तारी के 24 घण्टे के अन्दर सक्षम मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने का अधिकार है। सचिव, द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान करायी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी एवं बन्दियों को कोविड–19 प्रोटोकाल के नियमों के पालन हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि किसी भी बन्दी को वादों में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर उनके प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। जेल पी0एल0वी0गण को नियमित रूप से सभी बन्दियों को जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर जेल पीएलवी गण व अन्य बन्दीगण उपस्थित रहे।

करंजकला ब्लॉक के किशुनपुर गांव में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित राजभर सम्मेलन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी द्वारा राजभर सम्मेलन करंजकला ब्लॉक के किशुनपुर गांव आयोजित किया गया मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा कि राजभर समाज का भाजपा सरकार मे सबसे ज्यादा ठगा है राजभर समाज को अपने इस अपमान का बदला लेना होगा भाजपा सरकार को हटाकर ही दम लेना है राजभर समाज का कोई हक और सम्मान दिला सकता है तो वह सिर्फ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही दे सकते है प्रदेश में सपा सरकार बनने पर समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश स्तर पर जातीय जनगणना कराएगी और पिछड़ों को उनका हक और सम्मान दिलाया जाएगा। कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों की गणना नहीं कराना चाहती है, क्योंकि वह जानती है कि इससे पिछड़े जाग जाएंगे और वह अपना हक और सम्मान मांगेंगे। उन्होंने कहा कि पिछड़ों की गिनती हो जाए, लेकिन भारतीय जनता पार्टी जातीय गणना नहीं कराना चाहती है। कहा कि पिछड़े और दलितों की यह सबसे बड़ी मांग है। भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों को बेचने के साथ ही पिछड़ों और दलितों का आरक्षण भी बेंच दे रही है। अगर सब कुछ निजी हाथों में चला जाएगा तो आरक्षण कौन देगा। कहा कि किसान और गरीब इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा का

सफाया कर देंगे। जनता भाजपा सरकार से बहुत नाराज है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार नहीं लौटेगी। समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार आ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने संकल्प पत्र में किए गए वादे को पूरा नहीं किया। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। लैपटॉप नहीं बांटा। बिजली महंगी कर दी। डीजल, पेट्रोल खाद, बीज, महंगा हो गया किसानों की आय पहले से कम हो गई है। कहा कि भाजपा झूठा प्रचार कर रही है। उसने कोई काम नहीं किया है। यही प्रचार ही उनका विकास है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में उत्तर प्रदेश में महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार और अन्याय हो रहा है। सम्मेलन में मुख्य रूप से डां अवधनाथ पाल,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, इंदु प्रकाश सिंह, सुनील राजभर,अखिलेश यादव,अजय राजभर, अजय प्रजापति,तौफीक अहमद, रामाशंकर यादव,संदीप बिन्द, रत्नाकर चौबे,सोनू राजभर, रमेश राजभर,राजकुमार यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवमूरत राजभर संचालन सपा विधानसभा अध्यक्ष रमेश साहनी ने किया।

राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी शर्मा ने जिला अधिकारी मुजफ्फरनगर को भेजा पत्र

आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी भारतीय जनता परिषद नेशनल वॉलिंटियर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी शर्मा ने डी एम मुजफ्फरनगर को भेजे पत्र में कहा है कि जिला अधिकारी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश आपको सादर अवगत कराना है कि श्री लियाकत (प्रधान) पुत्र स्व० नानू ग्राम न्यामु ब्लॉक चरथावल तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर उ० प्र० के है, जिन्होंने दिनांक 12–10–2021 को संगठन की सदस्यता ग्रहण करते हुए राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वॉलिंटियर भाजपा० में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में पद ग्रहण किया था, परन्तु एक प्रमुख मीडिया चौनल के माध्यम एवम कुछ मुजफ्फरनगर के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञात हुआ है कि श्री लियाकत (प्रधान) का अपराधिक इतिहास है तथा वह जिला बदर है संगठन ऐसे किसी भी सदस्य को अपनी सदस्यता प्रदान नहीं करता है। जिससे पार्टी व संगठन की छवि धूमिल हो, उक्त के चलते श्री लियाकत (प्रधान) को उनकी सदस्यता एवम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से पद मुक्त किया जाता है।

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से सिटी बस की सेवा देने की मांग

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिटी बसों को पत्रकारपुरम के स्थान पर गोमतीनगर थाने से पंजाब नेशनल बैंक से रेलवे स्टेशन के सामने से होते हुए शहीद पथ से हुसड़िया चौराहे चलाने की मांग गोमतीनगर विवेक खण्ड 3–4 जनकल्याण समिति की प्रबंध समिति की बैठक में की गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष इं. वी.के. मिश्र ने बताया कि विवेक खण्ड व विनय खण्ड के रूट पर स्थित महामना मालवीय विद्यालय, जे.एम. डी. पब्लिक इण्टर कालेज, टी.डी. गर्ल्स इण्टर कालेज, सेण्ट कोलम्बस स्कूल, इण्डियन पब्लिक स्कूल, राजकीय गर्ल्स कालेज, भारतीय विद्या भवन इण्टर व डिग्री कालेज आदि स्थित हैं तथा उनके छात्र छात्राओं को इस बस सेवा का लाभ मिलेगा तथा गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले यात्री भी लाभान्वित होंगे तथा कैप्टन मनोज पाण्डेय चौराहे से हुसड़िया चौराहे तक ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। समिति के सचिव रूप कुमार शर्मा ने बताया कि विवेक खण्ड 3 व 4 की खराब सड़कों को बनवाने हेतु नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन जी को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया था जिस पर माननीय मंत्री जी के आदेश पर नवम्बर में किसी भी समय सड़कों के नवीनीकरण का कार्य आरम्भ होने की सूचना प्राप्त हुई है ।इस हेतु मंत्री जी को धन्यवाद दिया गया। सुब्रत राय ने विवेक खण्ड में कई पेड़ों की छंटाई कराने के सम्बंध में कहा।

नगर विकास मंत्री जी के द्वारा टंकी वाला पार्क, विवेक खण्ड 2 में योग व दुर्गा पूजा हेतु 400 वर्ग फीट का एक पक्का प्लेटफार्म निर्माण कराये जाने पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया तथा मांग की गई कि उक्त प्लेटफार्म पर शेड का निर्माण भी करवाया जाये ताकि बारिश में नागरिकों को योग करने में बाधा न हो। समिति के अध्यक्ष वी.के. मिश्रा ने बताया कि विवेक खण्ड 2 स्थित टंकी पार्क के सौन्दरीकरण हेतु मा0 नगर विकास मंत्री जी से अनुरोध किया गया था जिसकी स्वीकृति हो चुकी है एवं यह सभी कार्य शीघ्र ही शुरू होने की सम्भावना है। बैठक में सर्व श्री ए.के. खण्डेलवाल, के.आर. गुप्ता, हरीश चन्द्र गुप्ता, विनोद कुमार पाण्डेय, सुब्रत रॉय, मनोज बोस, एस.के. मुखर्जी, एस.के. श्रीवास्तव, एस.पी. आर्य, आर.के. अधौलिया, ए.एल. केसरवानी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अध्यक्ष इं. वी.के. मिश्रा ने उपस्थित सभी सदस्यों तथा रूप कुमार शर्मा को धन्यवाद दिया।

जांच टीम के अधिकारी बोले कैसबुक से मिलान के बाद होगी कार्यवाही

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : सांसद लल्लू सिंह द्वारा अपने बीते कार्यकाल में गोद लिए गए सांसद आदर्श गांव तिंदौली में शासन के निर्देश पर गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी,जिला विकास अधिकारी व प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी अमानीगंज ने संयुक्त रूप से गांव में पहुँच कर स्थलीय निरीक्षण किया तिन्दौली गांव निवासी रणधीर सिंह द्वारा मुख्यमंत्री जनता दरबार में की शिकायत की गई थी जो शासनस्तर से ही तीन अधिकारियों को नामित किया गया था शिकायतकर्ता रणधीर सिंह ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र के माध्यम से शिकायत की प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर जिला आबकारी अधिकारी को जिलाधिकारी ने जांच सौंपी थी जिसकी जांच प्रक्रिया से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं था उसके बाद मुख्यमंत्री जनता दर्शन में पहुंचकर फिर शिकायत दर्ज कराई गई उसी शिकायत को शासन द्वारा नामित अधिकारियों के द्वारा लीपापोती की जा रही थी लेकिन जिलाधिकारी अनुज जाने उक्त शिकायत पत्रों को संज्ञान में लेते हुए पोर्टल पर इस बात का निर्देश दिया गया कि शिकायतकर्ता से दूरभाष पर संपर्क स्थापित करते हुए गांव का स्थलीय निरीक्षण कर तब आख्या प्रेषित की जाए जिस के क्रम में आज गुरुवार को तीन अधिकारियों के पैनल ने गांव में जांच करने पहुंची थीं, शौचालय सामुदायिक,शौचालय, नाली,खड़ंजा से संबंधित मामले की जांच की ग्राम प्रधान व शिकायत करता के बीच में कई बार तू तू मैं मैं हुआ और गहमागहमी के बीच किसी तरह से अधिकारियों ने बीच बचाव करते हुए जांच को संपन्न कराया,जांच के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी शीतला प्रसाद सिंह व जिला विकास अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय तथा प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी अमानीगंज अनीस पाण्डेय ने कहा कि मनोज के घर से गूलर तारा तथा रणजीत के घर से गूलर तारा तक बनाई गई नाली का मामला वित्तीय अनिमितता की श्रेणी में आता है जहां मनोज के घर से गूलर तारा तक नाली का निर्माण ही नहीं किया गया है इस मामले में शिकायतकर्ता रणधीर सिंह का कहना है कि उपरोक्त नाली के लिए 16लाख रुपए का भुगतान किया गया है तो वहीं जिला पंचायत राज अधिकारी शीतला प्रसाद सिंह ने कहा कि 6 लाख रुपए इस नाली निर्माण के लिए निकाला गया है । पत्रकारों द्वारा इस मामले में कार्रवाई किए जाने की बात पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने कहा कि कैसबुक से मिलान करने के बाद मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि सांसद आदर्श गांव तिंदौली में इसके पहले भी शिकायतकर्ता द्वारा कई बार इस मामले की शिकायत की गई थी लेकिन निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं था, मुख्यमंत्री दरबार में पुनः शिकायत कर जांच की मांग की थी जिस पर आज 3 सदस्य समिति जांच करने के लिए गांव आई शिकायतकर्ता के अनुसार जॉब कार्ड संख्या 213 वर्ष 2016 से 18 तक 273 दिन का काम किया गया है लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा अपने खाते में ट्रांसफर किया गया है। बताते चलें कि अमानीगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत तिंदौली पड़ोसी जनपद सुलतानपुर/अमेठी जनपद की सीमा पर स्थित है और यह गांव विकास की किरण से कोसों दूर था जिसे सांसद लल्लू सिंह ने अपने पिछले कार्यकाल में सांसद आदर्श गांव के रूप में गोद लिया था और विकास के तमाम योजनाओं को यहां लागू किया गया लेकिन गांव में बजबजाती हुई नालियां इस बात की गवाह हैं कि गांव में विकास की किरण अब तक नहीं पहुंची है देखना होगा कि अब जांच के बाद जांच अधिकारी द्वारा इस मामले में क्या कार्रवाई करता है या फिर पहले की तरह मामले में लीपापोती कर दी जाएगी शिकायतकर्ता का कहना है कि प्रधान पक्ष के द्वारा उसे बार–बार धमकी दी जा रही है ।

पांचवे दीपोत्सव को विश्वस्तरीय भव्यता प्रदान करने हेतु अयोध्या पहुँचे प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : पांचवे दीपोत्सव को विश्वस्तरीय भव्यता प्रदान करने हेतु अयोध्या पहुँचे प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम। अयोध्या नये घाट पर स्थित यात्री निवास में 5वे दीपोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमो व अब तक तैयारी को जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा व अन्य विभागीय अधिकारियो, आयोजनो में लगाये गये एजेंसियो के साथ किया रिव्यू। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति को 01 नवम्बर से 06 नवम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमो का बिन्दुवार ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए बताया कि मुख्य कार्यक्रम 03 नवम्बर को होना निश्चित हुआ है। भगवान श्री राम, माता सीता, अनुज लक्ष्मण के साथ अयोध्या पुष्पक विमान से आगमन, भगवान श्री राम के अयोध्या में ऋषि मुनियो, अनुज भरत शत्रुघन के द्वारा स्वागत की तैयारी, रामकथा पार्क में आयोजित होने वाले कार्यक्रमो, पूरे दीपोत्सव में लगभग 09 लाख दियो को प्रकाशमय करने की तैयारी, सरयू आरती, राम की पैड़ी सहित अन्य स्थलो पर दियो के लगाने की व्यवस्था 500 ड्रोन द्वारा रामायण कालीन दृश्यो, लेजर शो, 30 लाइट गेट व पूरे अयोध्या को सजाने, हेलीकाप्टर द्वारा आकाश से पुष्प वर्षा, विदेशी रामलीला व स्थानीय रामलीला दलो द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले रामलीला प्रसंगो का मंचन, राम की पैड़ी पर मुख्य अतिथि साधुसंतो तथा राम दरबार के लिये मंच व्यवस्था आदि के बारे में विस्तार से बताने के साथ जिलाधिकारी ने बताया कि दियो को जलाने हेतु विशेष पोषाक एक टी–शर्ट व कैप में 12 हजार वालिस्टियर्स को अवध विश्वविद्यालय द्वारा लगाया जा रहा है। टी–शर्ट पर 5 दियो का चित्र प्रिन्ट रहेगा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति श्री मुकेश मुश्राम ने आमंत्रण पत्र के साथ मेन्यू का एक फोल्डर लगाने के निर्देश दिये जिसमें तिथिवार कार्यक्रमों का पूर्ण विवरण व उसका समय व स्थान अंकित होना चाहिए ताकि आमंत्रित किये गये अतिथियो को यह ज्ञात हो कि कौन सा इवेन्ट किस स्थान पर किस समय होगा प्रमुख सचिव ने लगाये गये सभी एजेन्सियो अधिकारियो को निर्देश दिये कि समन्वय बनाकर टीम भावना के साथ आयोजन को सफल बनाने में पूरे मनोयोग से लग जाये। बैठक के पश्चात प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारी व कार्यदायी संस्थाओ के साथ रामकथा पार्क के आस–पास व राम की पैड़ी का स्थलीय निरीक्षण भी किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रमुख उपस्थित थे।

मनुष्य के जीवन में खेलों का प्रमुख स्थान–आशुतोष टंडन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : ब्लाक स्तर पर आयोजित सांसद कबड्डी प्रतियोगिता व नगर निगम के वार्ड स्तर पर आयोजित नमो क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मकबरा स्थित स्पोटर्स स्टेडियम पर हुआ। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने प्रतियोगिताओं का समापन करते हुए विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किया। इससे पहले सभी ब्लाकों में कबड्डी चौम्पिनशिप का आयोजन हुआ था। जिसमें 11 पुरुष बालक वर्ग की टीम तथा 6 महिला वर्ग की टीम ने प्रतिभाग किया। सांसद कबड्डी 407 ग्राम पंचायतों के 4842 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। महानगर में नमो क्रिकेट में 60 में 41 वार्डो के 615 खिलाड़ी ने प्रतिभाग किया। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा कि मनुष्य के जीवन में खेलों का प्रमुख स्थान है। खेल में प्रतिभाग करने से स्वस्थ्य शरीर व बेहतर मानसिक परिवेश में हमें मिलता है। खिलाड़ियों की भीतर आयी टीम भावना हमें जीवन में विभिन्न अवसरों पर जीत के लिए सामूहिक संघर्ष की अवधारणा प्रदान करती है। आयोजक सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खेल व खिलाडियों को उनके अपेक्षा के अनुरुप वातावरण प्रदान करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान किया जा रहा है। जिससे वह देश विदेश में अपना नाम रोशन कर सके। नमो क्रिकेट प्रतियोगिता में फाईनल मैच बड़ी देवकाली व जनौरा के बीच खेला गया। देवकाली ने टास जीता व बैटिंग ली और 96 रन बनाया। देवकाली की तरफ से शाहरुख ने सर्वाधिक 34 रन बनाये। जिआउन ने 18 रन का योगदान दिया। जनौरा की तरफ से विपिन ने 3 विकेट लिये। 96 रन का पीछा करती हुई जनौरा की टीम 74 रन पर आल आउट हो गयी। जनौरा की तरफ से प्रद्युम्न ने सर्वाधिक 28 रन बनाये। देवकाली की तरफ से कृष्ण मोहन तिवारी ने सर्वाधिक 5 विकेट लिया। मैन आफ दी सीरीज कृष्ण मोहन तिवारी, बेस्ट बैस्टमैन मोहित शर्मा व बेस्ट बालर उमेश कुमार रहे। कबड्डी में पुरुष प्रतियोगिता का फाइनल तारुन व मसौधा के बीच हुआ। जिसमें तारुन ने विजय दर्ज की। महिला में फाईनल मैच पूरा बाजार व मसौधा के बीच हुआ। जिसमें मसौधा की टीम विजयी रही। इससे पहले नगर विकास मंत्री के स्टेडियम पहुंचने पर माल्यापर्ण करके व बुकें भेंट करके भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व सांसद हरिओम पाण्डेय, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, ओम प्रकाश सिंह, महंत मनमोहन दास, अवधेश पाण्डेय बादल, डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, कमलाशंकर पाण्डेय, पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता, मनमनोहन जायसवाल, अशोका द्विवेदी, आशा गौड़, उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी कंचन मिश्रा मौजूद रही।

गड्ढा मुक्त सड़क का सपना हो रहा है चकनाचूर

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आम जनता ने गड्ढा मुक्त सड़क का जो सपना देखा था वह अब खुलेआम चकनाचूर हो रहा है। सच्चाई के धरातल पर देखा जाए तो क्षेत्र की सड़कें अधिकतर गड्ढा युक्त है जिससे आवागमन में राहगीरों को भारी असुविधा झेलना पड़ रहा है। जागरूक नागरिकों की मांग को पूरा करने में जिम्मेदार सकारात्मक कदम नहीं उठा रहे हैं। भारी वर्षा के बाद सड़कों की दशा और अधिक खराब हो चुकी है ।सड़कों पर बड़े–बड़े गड्ढे होने से पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है। साइकिल से चलने वाले भी परेशानी उठाने पर मजबूर है। सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे होने से जहां एक तरफ आवागमन में जनता का समय का नुकसान हो रहा है ।वहीं दूसरी तरफ सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क के किनारे की पटरी पर भी बड़े–बड़े गड्ढे नजर आ रहे हैं। सड़क की पटरी मरम्मत न होने से पैदल चलने वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।रुदौली क्षेत्र की कई सड़कें तत्काल मरम्मत करने की आवश्यकता है। किन्तु जिम्मेदार सड़क मरम्मत की तरफ सकारात्मक रूप से ध्यान नहीं दे रहे हैं। पहले से ही खराब सड़क भारी वर्षा के बाद और अधिक खराब हो गई है ।गड्ढा मुक्त सड़क का वादा जनता के सामने पूरा होता नहीं दिखाई पड़ रहा है। ग्रीष्म काल में अगर क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत हो जाती तो वर्षा काल में सड़कों की दशा इतनी अधिक खराब न होती । कूढ़ा सादात से आसूमऊ तक पक्की सड़क पर हजारों गड्ढे नजर आ रहे हैं। लगभग 1 वर्ष से इस सड़क पर हजारों गड्ढे राहगीरों को परेशान कर रहे हैं।

पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने शहीद की पत्नी को सौंपा आर्थिक सहयोग का चेक

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा दिया गया आर्थिक सहयोग का चेक अमर शहीद राजकुमार यादव की पत्नी को सौंपते हुए उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया इस मौके पर उन्होंने कहा स्वर्गीय अमर शहीद राजकुमार यादव छत्तीसगढ़ में हुए आतंकवादी हमले में देश के लिए लड़ते हुए शहीद हो गए इनका बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएग। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा शहीद राजकुमार यादव के परिजनों के साथ पूरी समाजवादी पार्टी हर समय कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी है महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, प्रमुख राम अचल यादव उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, छोटे लाल यादव, प्रवक्ता राकेश यादव, अवधेश,यादव, विशाल मणि यादव रिक्की रवि यादव राजेंद्र यादव, शंकर जीत यादव मुकेश यादव, मंजीत यादव, संजीत सिंह, दीपक यादव राधे राधे, सुरेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मेला व रक्त दान शिविर का हुआ आयोजन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : प्रयास ट्रस्ट द्वारा जेबीपी विद्यालय रजा नगर रुदौली में आयोजित स्वास्थ्य मेला व रक्त दान शिविर का आयोजन भारी बारिश के बावजूद उत्साह के साथ संपन्न हुआ ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राम चन्द्र यादव ने फीता काट कर स्वास्थ्य मेले का उदघाटन किया। विधायक श्री यादव ने कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज मे सेवा के भाव जागृति होता है ।रक्तदान से कई गम्भीर रोगियों के जीवन की रक्षा होती है उपजिलाधिकारी रुदौली स्वप्निल यादव बतौर विशिष्ट अतिथि ने सभी डाक्टरों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।आयोजन में मेडिकल कॉलेज लखनऊ से आई रक्त दान लेने वाली टीम को अजीत यादव,नरेंद्र कुमार,गंगा प्रसाद,संजीत कुमार यादव,शिवम मिश्रा,सचिन सरोज,रवि प्रकाश यादव,अशोक कुमार यादव,सीताराम,मोहम्मद सुफियान, अखिलेश यादव,संदीप कुमार यादव,सचिन यादव,हरि विकास सिंह,श्रीपाल सहित अन्य लोगो ने 18 यूनिट खून दान किया। शिविर में डॉक्टर एमके यादव,डॉक्टर एसके यादव,डॉ जनार्दन प्रताप,डॉ गौरव वर्मा,डॉक्टर रिचा गुप्ता, डॉक्टर विक्रम पाल सिंह,डॉ हरिओम यादव,अंशुल श्रीवास्तव, अनिल यादव,सतीश कुमार उपस्थित रहे तथा 10 लोगों का मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन करने के लिए अयोध्या आई हॉस्पिटल की टीम ले गई।

मिल्कीपुर तहसील में धड़ल्ले से संचालित फर्जी क्लीनिक : बिना डिग्री लाइसेंस के चला रहे मेडिकल स्टोर

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिन–ब–दिन सख्त निर्देशों के बावजूद मिल्कीपुर तहसील में झोलाछाप डॉक्टर व अवैध क्लीनिक नहीं चलेंगे। तहसील के अंदर की एक खबर उजागर होने के बाद दूसरी खबर जनपद के अंतर्गत थाना खंडासा क्षेत्र केअंतर्गत सहजन मऊ चौराहा से आ रही है। बता दें एक तथाकथित डॉक्टर द्वारा अवैध क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है एवं लोगों को बेवकूफ बनाकर उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ।उदाहरण के तौर सहायक अध्यापक निवासी धरौली जितेन्द्र शुक्ला की जिंदगी और मौत के बीच में थी डॉक्टर द्वारा गलत दवा देने के कारण और काफी प्रयास के बाद उनकी हालत में सुधार आया यह सेकेन्ड विधाता कहे जाने वाले डाक्टर जहाँ पर जिंदगी के साथ खिलवाड़ करते हुए नजर आये जो अपने आप में एक नजीर बनी और एक चर्चा का विषय बन गया क्षेत्र में इस प्रकार क्षेत्र से कई घटनाये सुनने को मिलती है ।लेकिन इस विभाग के प्रशासनिक अधिकारी मौन है इन्ही की वजह से बिना डिग्री लिए हुए यह झोला छाप डाक्टर के हौशिले बुलन्द है। अमानीगंज बाजार के आस पास तमाम संचालित इस क्लीनिक में ना ही कोई डॉक्टर और ना ही कोई ना नर्स लेकिन फिर भी संचालित किया जा रहा है अवैध क्लीनिक। क्लीनिक के कई डॉक्टर वा संचालक से जब बातचीत की गई तो डॉक्टर द्वारा ना ही किसी प्रकार के लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, प्रदूषण और ना ही क्लीनिक का बोर्ड आदि समस्त दस्तावेजों की कोई उचित पुष्टि नहीं हो सकी। भोले–भाले ग्रामीणों को अपने जाल में फंसा कर उनसे अच्छी खासी मोटी रकम वसूल करने वाला यह डॉक्टर मीडिया को भी अपने ही मीठे मीठे बातों के जाल में फंसाने लगा। इस मामले की जानकारी जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय रजा को अवगत करा दिया गया और गौर करने की बात है कि क्या जितेन्द्र शुक्ला के प्रकरण में कार्यवाही होती है कि नही क्षेत्र के तमाम छुट भैया नेता और क्षेत्र कई सफेदपोश नेता इस मामले को दबाने के प्रयास में है यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है प्रकरण चौकी इंचार्ज खंडासा बेद प्रकाश यादव तक गया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है और यह प्रकरण शोसल मीडिया में और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और समाचार भी प्रकाशित हुआ एवं ग्रामीणों की सुरक्षा की बात प्रकाश में लाई जाएगी ।और क्षेत्र में और गांवो में वा बाजारो में बिना बिना डिग्री होल्डर यह डॉक्टर गरीब जनता का खून चूस लेते हैं और उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ करते है। सतना पुर बाजार ,अमर गंज, गदुरही बाजार, अमानीगंज ,गंगा गंज बाजार ,बहादुरगंज चौराहा, तुरश्म पुर देवगांव इन सब बाजारो में डॉक्टरों और मेडिकल स्टोर की भरमार है बिना डिग्री होल्डर के।

महगाई की मार से जनता हुई परेशान– सरोज यादव

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : जमथरा मे भगवानदीन निषाद एवं प्रदीप निषाद के संयोजक में वोट बढाओ बूथ जिताओ एवं श्रमकार्ड अभियान में मुख्य अतिथि सरोज यादव महानगर अध्यक्ष महिला सभा एवं बध्ज प्रकोष्ठ महासचिव प्रवीन राठौर जी रहे सरोज यादव ने कहा किभाजपा राज में महंगाई आसमान छू रही है, किसानों को धोखा मिला, ऐतिहासिक बेरोजगारी से नौजवान परेशान जनता की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है, जनसामान्य उत्पीड़न का शिकार हो रहा है। उज्जवला योजना के लाभार्थी मिट्टी के चूल्हे पर भोजन पकाने को लोग मजबूर है क्योंकि महगाई के कारण गैस सिलेंडर भरवाना मुश्किल हो रहा है इसलिए भाजपा से मुक्ति चाहते हैं। उनका भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। भाजपा सन् 2022 के चुनावों में कोई साजिश न कर सके इसलिए सबको सतर्क रहकर अपने–अपने काम को निष्ठा से अंजाम देना होगा। एक नजर भाजपा पर और दूसरी नजर बूथ पर रखना है। पहली बात तो यह कि अभी धान क्रय केन्द्र खुले ही नहीं है। पिछली बार भी किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिला था। मजबूरी में तय मूल्य के नीचे मंडी में उसे हजार रूपये और उससे भी कम रूपये में अपनी फसल बेचनी पड़ गई थी। खरीद की प्रक्रिया बहुत धीमी। किसानों को भाजपा राज में ही सर्वाधिक अपमानित और उपेक्षा का शिकार होना पड़ा है। खाद के दाम बढ़ा दिए गए है। डीजल पेट्रोल और बिजली पहले से ही महंगी कर दी है। किसानों की बात करने वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने 4 साल तक गन्ने के दाम नहीं बढ़ाए। अभी असमय वर्षा और आंधी ने फसलों को बहुत नुकसान पहुंचाया है। खेद की बात है कि भाजपा सरकार किसानों को राहत पहुंचाने में रुचि नहीं लेती है। उसकी मानसिकता तो यह है कि जो किसान आवाज उठाए उसे कुचल दो। लखीमपुर काण्ड इसका जीता–जागता उदाहरण हैं इससे जाहिर है कि भाजपा पूंजी घरानों की ही हित चिंता करती, इसलिए उसने चीनी मिलों के मालिकों को तो कई रियायतें दी परन्तु किसानों को गन्ने का बकाया मूल्य मिले इसकी व्यवस्था नहीं की। एमएसपी की अनिवार्यता की मांग को भी उसने नहीं माना है। आज प्रदेश की जनता के समक्ष न केवल संविधान अपितु किसान और देश को बचाने के लिए भाजपा को हटाना ही एक मात्र विकल्प रह गया है। वैसे भी भाजपा से कोई उम्मीद नहीं करनी चाहिए क्योंकि उसमें जनहित में कोई काम करने की इच्छा शक्ति नहीं है। जागरूक मतदाता ही सन् 2022 में भाजपा की साजिशों का सामना कर उसे परास्त कर सकते है। इस अवसर पर पुष्पा देवी, सीता, लक्ष्मी, जय कला, नेहा, शर्मिला, गोपी, राधा, ममता,ललिता निषाद, सुषमा निषाद आदि।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या ने अटेवा के आयोजन को दिया समर्थन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) पुरानी पेंशन बहाली हेतु दिनांक 22 अक्टूबर 2021 अटेवा द्वारा आयोजित पैदल मार्च में जिलाध्यक्ष अटेवा द्वारा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के शामिल होने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या के जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने समर्थन देते हुए पुरानी पेंशन की लड़ाई को और बुलंद कर दिया है पूर्व में उतर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा पेंशन सहित अन्य मुद्दों पर ज्ञापन तथा रैली का आयोजन मुख्यालय पर किया जा चुका है। जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने कहा कि अटेवा द्वारा किए गए अनुरोध पर विचार करते हुए संगठन के पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श करते हुए यह निर्णय लिया गया कि वर्तमान समय में पुरानी पेंशन हीं पूरे देश के कर्मचारियों की सबसे प्रमुख मांग है । गैर राजनीतिक कर्मचारी संगठन अटेवा लम्बे समय से इसके लिए संघर्ष कर रहा है अतः जनपद के जनपद के सभी शिक्षक / शिक्षिका बहनों से अनुरोध है कि पुरानी पेंशन जैसी लाइफ लाइन की मांग को और बुलन्द करते हुए पैदल मार्च में अवश्य शामिल हों। पुरानी पेंशन बहाली उतर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में शामिल रहा है अतः दिनांक22 अक्टूबर को पैदल यात्रा में जनपद के सभी शिक्षकों से प्रतिभाग करने का आह्वान करता है। इस अवसर पर जिला मंत्री प्रेम वर्मा , कोषाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, देवेन्द्र सिंह, द्वारकाधीश उपाध्याय प्रियाकांत पांडे गुलाबचंद उत्तम सिंह अजय कुमार शुक्ला अनिमेष पांडे अवधेश यादव अशोक वर्मा भास्कर यादव प्रदीप सिंह रामजी सिंह विकास सिंह दंगल सिंह अर्पित सिंह अजय वर्मा अशोक यादव , अशोक वर्मा , आलोकेश रंजन तथा मीडिया प्रभारी मंजेश मौर्य सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

कोरोना योद्धाओं को भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया सम्मानित

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) कोरोना काल शायद ही कोई भूल पाए।ऐसा समय, जब संकट में जान फंसने पर अपनों ने भी दूरी बना ली।तब मदद के लिए अनेक कोरोना योद्धा ही पास नजर आए।अपने जान की परवाह की चिंता किए बिना संक्रमित मरीजों का जीवन बचाने व जरूरतमंदों को मदद पहुंचाने के लिए दिन–रात जुटे रहे।कोरोना योद्धाओं के

हौसले और जज्बे को भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया तो उनका चेहरा नई ऊर्जा से खिल गया। मानवीय मूल्यों के ये मोती जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के हाथों सम्मानित होने पर चमक उठे। ऐसे अभूतपूर्व सम्मान की किसी को उम्मीद नहीं थी। संकल्प लिया कि भविष्य में यदि ऐसी कोई चुनौती फिर आई तो पूरी शिद्दत से मानवता की सेवा करेंगे।समारोह के दौरान निस्वार्थ मदद करने वाले लोगों का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया।इस मौके पर संजीव सिंह ने कहा, कि महामारी के उस दौर को याद करके दिल दहल जाता है। हर व्यक्ति भयभीत था, मैं स्वयं संक्रमण का शिकार हुआ था,क्योंकि शत्रु अदृश्य था। ऐसे मुश्किल व चुनौती भरे वक्त में डाक्टर के साथ तमाम लोग आगे आए और समाज को संबल प्रदान किया। हमें उस समय हर व्यक्ति की अहमियत का पता चला ,देश में मदद करने व कंधे से कंधा मिलाकर चलने का जज्बा कभी खत्म नहीं होगा। कोरोना काल में सब हारे, लेकिन हिम्मत और दृढ़ संकल्प से हिंदुस्तान जीत गया। जो जहा पर जिस स्थिति में था, मानवता की भरपूर मदद की। डाक्टर को भगवान का स्वरूप कहा जाता है, लेकिन दिल से संपन्न व्यक्ति ही किसी की मदद कर सकता है।देश के प्रधानमंत्री की प्रेरणा और आप सबकी अथक मेहनत की वजहों से ही भारत ने 100 करोड़ टीकाकरण कर दुनिया को दृढ़ इच्छाशक्ति का नायाब उदाहरण प्रस्तुत किया है आप सब इसके लिए बधाई के पात्र हैं ।जिलामीडिया प्रभारी डॉ रजनीश सिंह ने कहा कि इतना बुरा दौर पहले कभी नहीं देखा। तमाम डाक्टर व स्टाफ हौसले के साथ मरीजों की जिंदगी बचाने में जुटे थे। पुलिस और प्रशासन ने मानवता को बचाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से कोरोना योद्धाओं को सम्मानित करने के फैसले से कोरोना योद्धाओं के मनोबल में कई गुना बढ़ाने का काम करेगा, दूसरों की मदद वहीं कर पाते हैं, जिनका दिल बडा और कुछ करने की चाहत और आदत होती है। जब तक लोगों के दिल में दूसरों के लिए सहृद भावना होगी, मानवता और इंसानियत जिंदा रहेगी तभी तक संभव है ।सम्मानित होने वाले में चिकित्सक, स्टाफ नर्स, वार्ड ब्वाय, चालक, सफाईकर्मी, समाजसेवी व अन्य लोग शामिल रहे।

महानगर युवामोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिला सहकारी बैंक सभागार में अयोध्या महानगर युवा मोर्चा की महानगर कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष आदरणीय नितिन मित्तल जी उपस्थित रहे उनके साथ में अवध प्रांत के क्षेत्रीय पदाधिकारी विवेक सिंह मोनू, विशाल सिंह ,प्रेम अग्रहरी जी, एवं क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य आकाश यादव जी मुख्य रूप से रहे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए युवाओं की भूमिका को लेकर आदरणीय नितिन मित्तल जी ने हम सभी को आने वाले कार्यक्रमों योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन किया। बैठक में महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रवि शर्मा ,सार्थक तिवारी,आकाश सिंह अंकित त्रिपाठी. ,अविनाश सिंह , नितिन पाण्डेय, अंकित सोनकर ,अमन तिवारी, शुभम चौबे , रवीन्द्र शर्मा , शिवम श्रीवास्तव ,अश्वनी गुप्ता विकास गुप्ता तुषार तिवारी आशीष श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।